## खबर संक्षेप




### निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया

**करनाल।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं केएवी डीएवी महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या सुजाता गुप्ता की ओर से दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। कैंप में 200 विद्यार्थियों के दांतों का चैकअप किया गया। श्री हरि अस्पताल से पहुंची डा. बबीता अहलावत ने बच्चों के दांतों की जांच की और दांतों की देखभाल के लिए जरूरी टिप्स दिए। दूसरी ओर से स्कूल में विपासना ध्यान और योग तनाव मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन संसाधन व्यक्ति रेणु अनेजा, विपासना ध्यान शिक्षिका के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में बहुत सफलतापूर्वक किया गया।कार्यशाला में लगभग 400 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। रेणू ने विपासना, ध्यान और मानसिक योग के अपने तरीकों से छात्रों को सर्वोच्च शक्ति से जोड़ा, जो सभी के लिए तनाव मुक्त करने के लिए बहुत उपयोगी था।

### उत्तराखंड सभा जिला करनाल का चुनाव दोबारा होगा

**करनाल।** उत्तराखंड सभा जिला करनाल का चुनाव दोबारा होगा। द डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार, फमर्स एंड सोसाइटीज करनाल कार्यालय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। धीरज सिंह रावत निवासी वसंत विहार वार्ड नो 1 ने पिछले चुनाव में धांधली बरते जाने और फर्ज़ी प्रधान, सेक्रेटरी , कैशियर आदि की शिकायत की थी। एडवोकेट अनुज चौहान ने इस मामले में धीरज सिंह रावत की ओर से पैरवी की। जानकारी के अनुसार उत्तरारखंड सभा जिला करनाल का पिछला चुनाव 25 अगस्त 2024 को हुआ था। धीरज सिंह रावत का कहना है कि इस चुनाव में धांधली बरती गई। फर्जी वोट डलवाकर चुनाव करवाया गया। चुनाव प्रक्रिया की कोई वीडियोग्राफी तक नहीं करवाई गई। उन्होंने नौ अक्तूबर 2024 को इस मामले में द डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार, फमर्स एंड सोसाइटीज करनाल कार्यालय में अपना केस डाला था । मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट अनुज चौहान ने बताया कि द डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार, फमर्स एंड सोसाइटीज करनाल कार्यालय ने दिनाक 9/4/25 को एडिमिनिस्ट्रेटर नियुक्त कर दिया है। वह अगले तीन महीने के भीतर उत्तराखंड सभा का चुनाव सही ढंग से करवाया जाएगा।

### डलहौजी में केयू प्रतिभागियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में आयोजित राज्य स्तरीय 5 दिवसीय शिविर में आईआईएचएस की टीम सर्वश्रेष्ठ रही। शिविर में महिला सर्वश्रेष्ठ कैम्परर का खिताब संजना को मिला। वहीं ईशु ने प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में प्रथम, संजना ने द्वितीय व निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस संस्थान को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही वर्षा ने नृत्य व पोस्टर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

# पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण : कृष्ण लाल

आतंकवाद के खिलाफ लोंगो में भारीह आक्रोश जगह-जगह प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के सेक्टर-7 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और विनय नरवाल को श्रद्धांजली दी। उन्होंने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह बहुत निंदनीय घटना है, ऐसी दुखदायी घटना से पूरा देश दुःखी है और इस दुःख की घड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है और वे विश्वास दिलाते है कि इस आतंकी हमले का सरकार मुंह तोड़ जवाब देगी तथा पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, इनमें सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया गया है, उच्चायोग में रक्षा सेवकों के पद तत्काल खत्म कर दिए गए हैं और पदों पर मौजूद लोगों को वापिस जाने के लिए कह दिया गया है तथा राजनयिकों की संख्या भी घटा दी गई है। इसके अलावा अटारी वाघा सीमा को बंद कर दिया गया है तथा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा पर भारत आने की अनुमति नहीं होगी और जो आए हुए हैं, उन्हें दो दिन के अंदर वापिस जाने के आदेश दिए थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



घरौंडा। शहर में रोष प्रदर्शन करते सामाजिक संस्थाओ के लोग व व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

## घरौंडा में आतंकियों के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झंकझोर कर रख दिया है। युवाओं में अभी भी पूरा गुस्सा पाकिस्तान व आतंकवादियों के खिलाफ दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को शहर के सामाजिक संस्थाओ व व्यापार मंडल के आह्वान पर दुकानदारों ने 9 बजे से 12 बजे तक पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में दुकानें बंद रखी। सामाजिक संस्थाओ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक आतंकवादियों को करारा जवाब नहीं मिलता तब तक भारत के बच्चे -बच्चे को शांति नहीं मिलेगी। पहलगांव में हुए आतंकी हमले में लगभग 27 लोगों की मौत हो गई है। जिसका विरोध निरन्तर जारी है। बुधवार को सामाजिक संस्थाओ ने शहर में कैंडल मार्च निकाला था। शुक्रवार को व्यापार मंडल, निफा,राम-हनुमान सेवा समिति, शिव चौंक कमेटी, अखिल भारतीय पंजाबी खत्री महासभा सहित अन्य सामाजिक संस्थाओ ने शहर में रोष प्रदर्शन किया और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारों से शहर गूंज उठा। सामाजिक कार्यकर्ता शेरू विग, बिजेंद्र गुप्ता, कमलकांत धीमान, गगनदीप, शुभम, संदीप लोहट, अमित गुप्ता, सतीश नागरथ आदि मौजूद रहे।

## आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे सुरक्षा बल के जवान : मनोज वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



■ बजरंग दल ने की पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति शोकसभा

फोटो : बजरंग दल करनाल के जिला सह संयोजक मनोज वत्स।

बजरंग दल करनाल के जिला सह संयोजक मनोज वत्स ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देश आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा। सुरक्षा बल के जवान आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत से भारत डरने वाला नहीं है। इस घिनौनी हरकत को अंजाम देने वाले आतंकियों को कठिन से कठिन सजा दी जाएगी। बजरंग दल के जिला सह संयोजक मनोज वत्स ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किया गया कृत्य किसी भी हाल में माफी लायक नहीं है। उनका कृत्य मानवता पर एक कलंक है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आतंकवाद फैलाने वालों को कड़ा जवाब दिया जाऐगा। मनोज वत्स ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले में जिसका भी हाथ होगा, वह काट दिया जाएगा। ऐसे आतंकी हमले हमारे साहस को हिला नहीं सकते, हमें डरा नहीं सकते, झुका नहीं सकते। उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या करके अपने मृत्यु को आमंत्रित किया है। मनोज वत्स ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे आतंकवादी संगठनों को नेस्तनाबूद कर देंगे। भारत देश की सेना और देश के नेतृत्व पर देशवासियों को पूरा भरोसा है कि मानवता के विरुद्ध किए गए इस अपराध के लिए उन्हें ऐसा दंड मिलेगा जिसे आने वाले समय में याद किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की और हमले में घायल लोगों को जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से मृतकों के परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## मजदूर दिवस पर हड़ताल को लेकर चर्चा

**करनाल।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन एवं भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी करनाल की संयुक्त मीटिंग कामरेड जिले सिंह पाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में एक मई को मजदूर दिवस व 20 मई को ट्रेड यूनियनों की हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। यूनियन नेताओं ने कहा कि आतंकी हमले में करनाल ने विनय नरवाल को खो दिया है, उन्हें देशवासी हमेशा याद रखेंगे। जिले सिंह पाल ने कहा कि खेत एवं ग्रामीण मजदूरों के प्रतिनिधियों के अनुसार 20 मई की हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया जाएगा। हड़ताल को लेकर उक्त दोनों यूनियन जन अभियान भी चलाएंगी। एक मई को मजदूर दिवस पर फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को देश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरु नानक खालसा कालेज के वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्य प्रो. शशि मदान ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के सांस्कृतिक और इतिहासिक स्थलों की मानक का भ्रमण करवाना तथा उनकी जानकारी प्रदान करना है। प्राचार्या ने बताया कि विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम भारत की राजधानी दिल्ली में स्थित शीशगंज गुरुद्वारा साहिब के दर्शन किए और उसके बाद इन्डिया गेट, लाल किला तथा अन्त में अक्षरधाम मन्दिर के दर्शन किए और एतिहासिक जानकारिया ली। विद्यार्थियों ने बांग्ला साहिब गुरुद्वारा के भी दर्शन किए और अध्यात्मिक वातावरण में शीश नवाया। विद्यार्थियो ने इन स्थालों की इतिहासिक जानकारियां प्राप्त की और भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के दर्शन किए।

## जगपाल राणा की रिहाई को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




जन संगठनों और कर्मचारी संगठनों ने जगपाल राणा की रिहाई को लेकर प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में सभा करने के बाद जिला सचिवालय में पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। सतपाल सैनी, ओमप्रकाश सिहमार, सतबीर सिधड, जरासो, बलराज, सुशील गुर्जर, जगमाल सिंह, जिले सिंह पाल की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगो के प्रति शोक प्रकट किया गया। बाद में पुलिस अधिक्षक के नाम डीएसपी राजीव कुमार को ज्ञापन दिया गया।

इस मौके पर राज्य महासचिव जय भगवान, राज्य सचिव सुनील दत ने सीटू जिला सचिव जगपाल राणा पर थाना सदर करनाल पुलिस द्वारा झूठा मुकदमा बनाने व सगींन धाराएं लगाकर 11 अप्रैल से जेल में डालने की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि गांव बीजना में नौ अप्रैल को उनके परिवार व पड़ोसियों का झगडा हुआ था। जगपाल राणा झगड़े में बीच बचाव करने गया तो जगपाल राणा पर ही पुलिस ने संगीन धाराएं लगाकर जेल में 11 अप्रैल से बंद कर रखा है। झगड़े से जगपाल राणा का कोई लेना देना नही है। जगपाल राणा सीटू की सभी यूनियनों की अगवाई करता है इसलिए पुलिस ने बदले की भावना से झुठा मुकदमा बनाया है। जगपाल राणा पर दर्ज झूठा मुकदमा वापस लेकर उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

यहां कृष्ण शर्मा, सुशील गुर्जर, सेवा राम, बलराज, ओमप्रकाश सिहमार, कामरेड जगमाल सिह, जरासो देवी, सतपाल सैनी, ओपी माटा, सुदेश, सर्वेश राणा, बिजनेश राणा, सुरेश कुमार, रूपा राणा, जरासो देवी, अशोक अरोडा, मनोज कुमार, नीरू, सुदेश, कविता, शिमला देवी, सन्तोष,जोगीन्द्र कुमार, राजीव, कुलदीप राणा व सतबीर सिंधड़ ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

## भाजपा ने की जिले के मंडल पदाधिकारियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

**जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने दी जानकारी**



उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि करनाल विधानसभा के चारों मंडल जिसमें अर्बन मंडल, शहरी मंडल, रामनगर मंडल एवं कर्ण मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए अर्बन मंडल में गौरव खुराना को मंडल अध्यक्ष बनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की स्वीकृति एवं प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श एवं जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल की सहमति के बाद करनाल जिला की पांचों विधानसभाओं करनाल, घरोंडा, नीलोखेड़ी, इंद्री एवं असंध के सभी 20 मंडलों के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसी प्रकार मंडल में अल्का चौधरी,डॉ ईशम सिंह आर्य,सुनील गोयल को उपाध्यक्ष,राजेश गोयल व संजीव बजाज को महामंत्री, राकेश बतरा,वरिशा कम्बोज,श्वेता मैहता व रामकिशन को जोगिन्द्र सिरसवाल को सचिव,कर्मबीर सिंह को कोषाध्यक्ष,दल सिंह राणा मीडिया सह-प्रभारी,जगदीप वधावन को कार्यालय प्रमुख,शिवम शर्मा को आई.टी प्रमुख बनाया गया। शहरी मंडल की कार्यकारिणी का गठन करते हुए मोहन लोधी को मंडल अध्यक्ष, सोनिया चोपड़ा, राहुल भटनागर,चन्द्र भूषण,अमित राणा को उपाध्यक्ष,मोहन शर्मा एवं विशाल चनालिया को महामंत्री ,अनुज जयसवाल,शुभम चौहान, पूनम गोयल,पुष्पा,स्नेहलता ग्रोवर को सचिव, प्रमोद मगला को कोषाध्यक्ष,गुलशन जोहर को आई.टी प्रमुख,मनोज वैद कोआई.टी सह प्रमुख एवं राजेश कथूरिया को मीडिया प्रमुख एवं प्राण जावा को सह मीडिया प्रमुख बनाया गया। करनाल के रामनगर मंडल में मोहित सचदेवा को मंडल अध्यक्ष,गीता शर्मा , मुकेश शर्मा,गौरव सभ्रवाल,राजीव कश्यप को उपाध्यक्ष, रजनीश शर्मा एवं बंसी लाल को मंडल महामंत्री, मुकेश खोखर ,जय पांचाल, सुदेश सैनी, शिवानी बर्मन एवं बलविन्द्र कौर को सचिव,जसप्रीत सहगल को मंडल कोषाध्यक्ष,अनमोल शर्मा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार करनाल विधान सभा के कर्ण मंडल में नवीन बतरा को अध्यक्ष बनाया गया एवं गौरव नागपाल,आकाश अरोडा,चरणजीत सिंह चरनी,नीना अग्रवाल को उपाध्यक्ष,विक्रम नन्दा एवं मनीष हरपाल को महामंत्री,राजेन्द्र मोगा,पायल अरोडा,पुनित शर्मा कुकी ,कमलेश अरोडा, हरविन्द्र कौर को सचिव एवं डी.एन वर्मा को कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार को मीडिया प्रभारी, भुवेनश भारद्वाज को मीडिया सह प्रभारी,राजीव शर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख,अश्विनी कपूर सोशल मीडिया सहप्रमुख,लक्ष्य शर्मा को आई टी प्रमुख एवं गौरव कश्यप को आई टी सहप्रमुख बनाया गया।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय तुसंग के छात्रों एवं अध्यापकों ने किया ग्रीन वाटिका का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। ग्रीन वाटिका का भ्रमण करते स्कूली बच्चे व अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय माध्यमिक विद्यालय तुसंग के छात्रों एवं अध्यापकों ने गांव की प्रगतिशील महिला किसान रीटा रानी द्वारा बनाई गई ग्रीन वाटिका(किचन गार्डन)का भ्रमण किया और ग्रीन वाटिका में उगे हुए फूल, सब्जियां व फल वाले पौधों के बारे विस्तार से जानकारी ली। प्रगतिशील महिला किसान रीटा रानी ने भ्रमण करने आए बच्चों एवं अध्यापकों को ग्रीन वाटिका के बारे जानकारी देते हुए बताया कि इस ग्रीन वाटिका में प्राकृतिक तौर से उगाए गए सेब, अंजीर, नाशपाती, मौसमी, लीची, आडू, ड्रैगन फ्रूट, केला, नींबू, सब्जियों में घीया, करेला, कद्दू तथा फूलों में पिटूनिया, गुलाब, गेंदा आदि फूलों के पौधे उगाए गए है। उन्होंने बताया कि यह सभी फल, फूल व सब्जियां बिना किसी रासायनिक खाद व दवाइयों के उगाए गए है। उन्होंने कहा कि आज हमारा खान-पान दूषित होता जा रहा है जिसकी वजह से हमें भिन्न-भिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए आज प्राकृतिक खान-पान को अपनाना हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक हो गया है। प्रगतिशील महिला किसान रीटा रानी ने बताया कि इन पौधों को उगाने के लिए अधिक जगह की आवश्यकता नहीं है। इन पौधों को बहुत ही सरलता से गमलों इत्यादि में उगाया जा सकता है।

### बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बच्चों को बताए उनके अधिकार

# बच्चे देश का भविष्य, आयोग सतर्कः उमेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने निर्मल बाग सेक्टर 32 के बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, अच्छे खेल व खाने पीने के हिदायतें दीं और उन्हें भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया ताकि कोई भी उनके अधिकारों का हनन न कर पाए और वह अच्छी शिक्षा के पात्र बन सके।

सदस्यों द्वारा बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में समझाया गया कि उनके साथ किसी प्रकार का कोई भी मानसिक या शारीरिक शोषण होने पर बाल संरक्षण समिति को अवगत करवाना चाहिए या फिर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 पर कॉल करना चाहिए तथा अन्य बाल अधिकारों के बारे में भी बताया गया । हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला के सभी खंडों के शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लगवाने, स्कूलों में पानी की टंकियों को अच्छी तरह साफ करवाने, शौचालयों की साफ-सफाई व समुचित संचालन तथा लडक़ों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए ताकि बच्चों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए। सदस्यों ने बताया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का विशेष त्यौहार है जिसमें विवाह अधिक होते हैं व बाल विवाह होने की अधिक संभावना रहती है। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार, सदस्या निरुपमा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी सहित जिला बाल संरक्षण कार्यालय का अन्य स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहा।



इंद्री। स्कूल मे अध्यापकों से बात करते बीआरसी धर्मपाल चौधरी।

### मैथ ओलंपियाड में बच्चों की रूचि बढ़ाने के लिए बैठक

इंद्री। मैथ ओलंपियाड के प्रति बच्चों की रूचि बढ़ाने,आंकलन करने तथा मैथ प्राध्यापकों को प्रेरित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं बीआरसी धर्मपाल चौधरी ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में अध्यापकों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में प्राध्यापकों से बातचीत करते हुए धर्मपाल चौधरी ने कहा कि गणित में जिन बच्चों की अच्छी रुचि होती है, वह अन्य विषयों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि गणित विषय सभी विषयों को आधार प्रदान करता है इसलिए बच्चों की गणित के प्रति रुचि बढ़ाने के तौर तरीकों पर विशेष कारगर योजना बनानी चाहिए। मीटिंग में नीलोखेड़ी खंड के संयोजक सरवन सिंह, प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा, इंचार्ज बॉयज स्कूल रामिंद्र कांबोज, निशा, ऋषि पाल व सुमन कांबोज ने आश्वासन दिया कि इंद्री क्षेत्र में स्थापित ब्याना, भादसों बॉयज स्कूल के केंद्रो में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त हो सके। धर्मपाल चौधरी ने बताया कि ओलंपियाड के प्रति अध्यापकों और बच्चों में सकारात्मक माहौल है।

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार को विष्णु कॉलोनी स्थित सेंट पॉल स्कूल में पहलगाम के अमानवीय त्रासदी में प्रभावित, दिवंगत आत्माओं एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति प्रार्थना और गहरी संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर 2 मिनट का शांति मौन रखा गया। और हमले को कायराना बताया।

**सूचना**

मैं, ममता शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा निवासी मकान नंबर 520A, वार्ड नंबर 6, पोल्ट्री ऐरिया, नीलोखेड़ी, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल बयान करती हूं कि मैं एक रिहायशी मकान जिसकी प्रोपर्टी आईडी नंबर 7MCVQ6W0 स्थित बाबा बडभाग सिंह कालोनी नीलोखेड़ी तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल की मालिक व काबिज मुताबिक बैयनामा बसीका नंबर 1622/1 दिनांक 05.09.2014 दर्जशुदा कार्यालय सब रजिस्ट्रार नीलोखेड़ी अनुसार हूं दिनांक 24.10.2024 को मेरी उक्त असल रजिस्ट्री नजदीक गोल मार्किट नीलोखेड़ी में ही गुम हो गई है और मैंने अपनी रजिस्टरी को काफी तलाश किया लेकिन कहीं पर भी नहीं मिली है। अगर उक्त गुम हुई रजिस्टरी मुझे मिल जाती है तो मैं तुरन्त ही विभाग को सूचित करूंगी।

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे खड़ी ट्राली के टायर चोरी, केस दर्ज

**इसराना**। पानीपत के गांव इसराना के रेलवे फाटक के पाख सड़क किनारे तकनीकी खराबी के कारण खड़े ट्रक की ट्राली के टायर चोरी हो गए। वहीं इसराना थाना पुलिस ने सोनीपत निवासी वेद प्रकाश की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तांबे की तार चोरी करने के आरोपित गिरफ्तार

**पानीपत**। थाना मतलौडा पुलिस ने गांव अदियाना में मोटर रिपेयर दुकान से तांबा की नई व पुरानी तार चोरी करने वाले आरोपियों सोमबीर निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत व इसके ममेरे भाई राजेश निवासी गांव घड़ौठी जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना मतलौडा प्रभारी पवन ने बताया कि राममेहर पुत्र सतपाल निवासी गांव खेमावती जिला जींद की शिकायत पर केस दर्ज है।

### तहसीलदार की शिकायत पर सात पर मामला दर्ज

**इसराना**। तहसीलदार की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने प्रशासनिक कार्य में बाधा डालने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में मोहित, आजाद, दीपक, दर्शन, बबली,

### लापरवाह वाहन चालकों के काटे चालान

**समालखा**। बिहोली रोड पर यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए करीब 28 वाहन चालकों के चालान काटे। पुलिस की इस कार्यवाही से दो पहिया वाहन चालकों के हड़कंप मचा रहा। दो पहिया वाहन चालक पुलिस को खड़ा देख कर वापस भाग गए। जानकारी देते हुए हाईवे ट्रैफिक इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि एसपी के आदेशानुसार यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।मीनाक्षी और प्रियंका शामिल हैं।

### आईटीआई के प्रांगण में रोजगार मेला आयोजित

**पानीपत**। जिला रोजगार अधिकारी सविता लाम्बा ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार विभाग द्वारा कुल 5 कंपनियों को नौकरी देने हेतु बुलाया गया। रोजगार कार्यालय में पंजीकृत कुल युवाओं 70 को मेले में भाग लिया जिनमें से 30 प्राथियों का मौके पर ही चयन कर लिया गया। मेले में एलआईसी पानीपत, पुखराज हैल्थकेयर, एचडीएफएसी बैंक, स्वीगी, नव भारत फर्टीलाईजर आदि कंपनियों व नियोक्तओं ने भाग लिया।

### स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

**पानीपत**। हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग सदस्य मीना शर्मा ने डॉ एमकेके स्कूल, मॉडल टाउन और एसडीवीएम हुडा सेक्टर-11-12, का निरीक्षण किया। आयोग सदस्य ने स्कूल वातावरण बच्चों के अनुकूल है या नहीं. बच्चों के बैग का वजन कितना है एवं किताब एनसीईआरटी की है या कोई और प्रकाशन की है सभी चीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि बाल श्रम करवाना एवं भीख मंगवाना अपराध है। बच्चों को शिक्षा के महत्व कि जानकारी देते हुए बताया की शिक्षा ही जीवन का आधार है एवं शिक्षा है तो भविष्य उज्ज्वल है।

### जिले की मंडियों में 82 एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत**। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 24 अप्रैल तक मंडियों में 282383.2 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 252859.3 मीट्रिक टन की खरीद हुई है।

### बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पानीपत**। राजकीय वमावि धनसौली में ईको क्लब के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण की भावना उत्पन्न करना था।

---

जन आवाज सोसाइटी व नॉर्थ इंडिया बॉडी बिल्डिंग एसो. ने पाकिस्तान का पुतला फूंका

# हिंदू धर्म को टारगेट करके किए गए कायराना हमले से देश में रोष

*उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत** । पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में ज्ञापन देते हुए जोगिंद्र स्वामी, शशि कपूर आदि। फोटो : हरिभूमि

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की धर्म देखकर की गई हत्या के मामले में पानीपत के लोगों में भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए जन आवाज सोसायटी और नॉर्थ इंडिया बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए जुलूस निकाला और पुतला फूंक कर उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। वहीं, जोगिंद्र स्वामी ने प्रधानमंत्री से मांग करते हुए कहा कि भारत की जनता का अब सब्र जवाब दे रहा है अब जनता आर पार की लड़ाई चाहती है क्योंकि जिस प्रकार से हिंदुत्व को टारगेट करके मारा जा रहा है उससे आने वाले भविष्य पर संकट मंडरा रहा है उन्होंने कहा कि एक छोटा सा देश इजराइल जिसकी आबादी सवा करोड़ से भी कम है और वह अपने देश और जनता की सुरक्षा के लिए चार-चार देशों से लड़ रहा है और हम 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में हर रोज पाकिस्तान द्वारा परोसे गए आतंकवाद का लोग शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज समय आ चुका है कि पाकिस्तान पर सीधा हमला किया जाए और वहां बलूचिस्तान व सिंध प्रांत को आजाद देश बनाकर गुलाम कश्मीर को भारत में मिलाया जाए। युवा भाजपा नेता शशि कपूर ने कहा कि हिंदू धर्म को टारगेट करके किए गए कायराना हमले से पूरे देश में रोष है और देश इसका इंतकाम चाहता है। वहीं, हिंदू समाज को संगठित होने की जरूरत है लेकिन हम लोग बंटे होने के कारण अत्याचार का शिकार हो रहे हैं। वहीं आंदोलनकारियों को रंजीत भोला, सरदार कंवलजीत सिंह, शेरू उस्ताद, सोनू पंडित, प्रदीप भराडा, पुनीत मेहता, सरदार बलबीर सिंह, सरदार हरदीप सिंह, नरेंद्र बैरागी, गोविंद सैनी, मनोज कुमार, काला शाह, डीपी ग्रोवर, रविंद्र, बलराज जांगड़ा, अजय राणा, राज सिंह, कंवरपाल अहलावत, राहुल सेठी, अनुज, रमन ओबेरॉय, अज्जू राणा, विजय गाबा, संग्राम चौहान, उदय खन्ना, नीटू, विपुल, सरदार निक्का सिंह, विनोद वथवा, डिगी, नितिन अरोरा, देव चावला, कमल नागपाल आदि ने संबोधन किया। वहीं जुलूस प्रदर्शन के चलते जीटी रोड पर यातायात भी बाधित हुआ।

---



पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पूर्व सांसद संजय भाटिया आदि।

## पाक निर्मित आतंक को जिहादी कहना महा पाप : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के संविधान चौक लाल बत्ती जीटी रोड पर पानीपत नगर की सभी धार्मिक सामाजिक शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाएं पहलगांव में हुए नरसंहार के विरोध में एवं नरसंहार के दौरान शहीद हुए उन सभी लोगों के लिए श्रद्धांजलि एवं सांत्वना राष्ट्र के प्रति आह्वान एवं हृदय वेदना के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पानीपत के चिकित्सकों ने शहीदों को पुष्प अर्पित किए। इधर, सनातन धर्म संगठन के प्रधान किशन रेवड़ी ने कहा देश की रक्षा के लिए हर भारतीय तैयार है। दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा ने कहा पाकिस्तान आतंकवाद को बनाने की फैक्ट्री है। पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पाक निर्मित आतंक को जिहादी का नाम देना महा पाप है पाक निर्मित आतंकवाद ही भारत को इस घड़ी की ओर ले गया है। वहीं, सरकार इस मुद्दे में संवेदनशील है और भारत के प्रधानमंत्री 140 करोड़ देशवासियों के रक्षा के लिए संकल्पित है निश्चित तौर पर कुछ दिन में इसका नतीजा भी देशवासियों के सामने आएगा।

---

## यूथ रेड क्रॉस कैंप में इशिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र की यूथ एंड रेड क्रॉस इकाई द्वारा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एवं रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के डलहोजी शहर में हुआ।

वहीं, कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि कॉलेज की मनोविज्ञान की प्रध्यापिका खुशबू वर्मा के सानिध्य में कॉलेज के दस विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। आर्य कॉलेज की बी.एससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा इशिका ने नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। साथ ही सरगम, आयूषी व मोंटी ने भी अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग ले कर पुरस्कार जीते।

इस अवसर पर कॉलेज की वाईआरसी इकाई के प्रभारी डॉ. विजय सिंह व उनकी पूरी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए ।बधाई दी।

---

## विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत** । आईबी कॉलेज के विद्यार्थी अपनी प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ।

आईबी कॉलेज में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम तथा बी.बी.ए. फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को स्कूल के टीचर्स ने भावभीनी विदाई दी। वहीं कार्यक्रम में छात्र गौरांग ने मिस्टर फेयरवेल और बीकॉम से पारुल ने मिस फेयरवेल का खिताब हासिल किया।

### निष्काम सेवा करें

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा, डॉ किरण मदान, प्रो. अजय पाल सिंह, डॉ. ज्योति गहलोट, राजेश बाला, रूहानी शर्मा, निशा गुप्ता, रुचिका, आकांक्षा, सोनिया विरमानी, आंचल, हिमानी साक्षी, करुणा सचदेवा, रीना, जागृति, निशा गोयल आदि उपस्थित रहे। इधर, प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि उच्च शिक्षित होकर विद्यार्थियों को देश, समाज, मानवता की निष्काम सेवा करनी चाहिए। जरूरमंद लोगों की अपने सामर्थ के अनुसार सेवा करनी चाहिए। जबकि जूनियर विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करना चाहिए।

---

## जैन संत के स्मृति दिवस पर विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



जैन समाज के लोग राहुल विज को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

जैन सेवा संघ की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति गणपति कंबल मार्केट पचरंगा बाजार पानीपत में गुरु सुदर्शन लाल महाराज की 26वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। वहीं, गुरुदेव की आरती कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धालुओं आदि को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारा हजारों श्रदालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज सेवी विजय जैन ने कहा जैन धर्म पर गुरुदेव का बहुत बड़ा उपकार है जो हमें गांव से निकल कर शहर में कारोबार करने की सलाह दी और हम कामयाब हुए। वहीं समाज सेवी प्रवीण जैन ने कहा गुरुदेव ने पूरे भारत में श्वेताम्बर समाज को नई राह दिखाई आज पूरे उत्तर भारत में गुरदेव का स्मृति दिवस मना जा रहा है। इस अवसर पर समाज सेवी राजेंद्र जैन, महापौर कोमल सैनी, विजय जैन, समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन, कुलदीप जैन, मेहुल जैन, आनंद जैन, रामनिवास जैन, मनोज जैन, पदम जैन, बिजेंद्र जैन, मंगल जैन, पावन जैन, अशोक जैन, अनिल जैन, संजय जैन, अजित जैन, शोभित जैन, नरेश जैन, प्रेम जैन, विकास जैन गर्ग आदि मौजूद रहे।

---

## जैन संत सुदर्शन को श्रद्धांजलि दी

- **महान जैन संत सुदर्शन लाल के 26वां पुण्य स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत** । संत सुदर्शन लाल की पुण्य स्मृति दिवस में भजन गाते जैन अनुयायी।

पानीपत की अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में महान जैन संत सुदर्शन लाल के 26वां पुण्य स्मृति दिवस बड़ी श्रद्धा भावना से परिपूर्ण गुण-स्मरण द्वारा मनाया गया।

इस अवसर पर गांधी मंडी जैन समाज के संरक्षक डॉ.ए.पी. जैन ने बताया कि सुदर्शन लाल महाराज की जीवनी की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब श्री सुदर्शन लाल महाराज के साधु-साध्वी संघ में 100 के लगभग चारित्रात्माएं हैं। देश में उनके लाखों समर्पित भक्त हैं। वहीं, सुदर्शन लाल महाराज के विशाल आध्यात्मिक जीवन पर आधारित दो भागों में हिंदी में फिल्में भी बनाई गईं द राइज ऑफ़ सुदर्शन चक्र तथा द लीजेंड ऑफ़ सुदर्शन चक्र। इनको देशभर में प्रदर्शित किया गया। फिल्म देखने वाले जैनेतर लोग भी उनके विराट आध्यात्मिक व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित हुए।

इस अवसर पर सुलेख जैन, नवीन जैन, मनीष जैन, सीए सीमा जैन, आदि ने सुमधुर आवाज में अपने भक्ति पूर्ण भजन प्रस्तुत किए। जबकि महामंत्री राजेंद्र जैन, निकेश जैन, भरतेश जैन, श्यामसुंदर जैन, आनंद जैन, धर्मपाल जैन, दीपक जैन, शीला जैन, रेनू जैन, कमलेश जैन आदि ने गुरुदेव जी की व भगवान महावीर की आरती की।

---

## पाइट में बांटी गई मिठाई शिक्षकों को सम्मानित किया



समालखा। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऑटोनोमस कॉलेज पाइट को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) ने ए ग्रेड का दर्जा दिया है। नैक टीम ने यह परिणाम घोषित किया है। इस उपलब्धि पर कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि नैक एक स्वतंत्र संस्था है, जो भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन और मान्यता प्रदान करती है। यह संस्थान शिक्षण, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा, प्रशासनिक दक्षता, छात्र संतुष्टि और सामाजिक योगदान जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को ग्रेड प्रदान करता है। नैक द्वारा ए ग्रेड दिया जाना यह दर्शाता है कि पाइट कॉलेज शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और समग्र विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि यह ग्रेड इस बात का प्रमाण है कि पाइट ने शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। यह केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के लिए एक आश्वासन भी है कि पाइट जैसे संस्थान में दी जा रही शिक्षा उच्च गुणवत्ता की है।

---

## जैन साध्वी मां ससंघ का पानीपत में मंगल प्रवेश, शोभायात्रा शुरू

*पानीपत में धर्म के प्रति लोगों की आस्था आगाढ*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत में मां ससंघ के मंगल प्रवेश पर उनका स्वागत करते हुए जैन अनुयायी।

पानीपत में वीरवार को आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की अंतिम दीक्षित गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश धूमधाम के साथ हुआ। माताजी ससंघ सहारनपुर से पैदल मंगल विहार करते हुए पानीपत पहुंची, जहां बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

माताजी ससंघ की स्वागत याता सनौली रोड, अमर भवन चौक, धारी वाला चौंक, गुड मंडी बाजार, जैन मोहल्ला होते हुए श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में पहुंची। वहीं, यात्रा के दौरान सभी ने अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों के बाहर माताजी ससंघ का पाद्य प्रक्षालन एवं आरती करके माताजी ससंघ का भव्य स्वागत किया। इधर, मंदिर पहुंचने पर माताजी ने कहा कि पानीपत ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है ऐसा सुना है और आज के प्रवेश से ऐसा प्रतीत भी हो रहा है कि पानीपत में धर्म के प्रति लोगों की आस्था आगाढ है। उन्होंने कहा कि मैं पानीपत को श्री जिनेंद्र वर्णी जी के नाम से जानती हूं वह संत जिन्होंने जैन धर्म पर अनेकों शास्त्रों का निर्माण किया उनके शास्त्रों को पढ़कर मैने भी वैराग्य जीवन में ज्ञान अर्जित किया। इस अवसर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव मनोज जैन, एडवोकेट मेहुल जैन, उप प्रधान सुरेश जैन, सचिव मनोज जैन, प्रबंधक पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष सुशील जैन, दिनेश जैन, संजीव जैन, प्रदीप जैन आदि मौजूद रहे।

---

## मलेरिया के विरूद्ध जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इसराना

पानीपत के गांव नौल्था में विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर सुनील संदुजा के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और स्कूली बच्चों ने मलेरिया से विरूद्ध जागरूकता रैली निकाली। वहीं, टीम ने घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए। एसएमओ डॉक्टर गुलशन चितकारा ने बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर बारिश के मौसम और नमी वाली जगहों पर पनपते हैं। मलेरिया से जान जाने का खतरा भी रहता है। उन्होंने मलेरिया से बचाव के लिए जरूरी सुझाव दिए। पानी की टंकी का ढक्कन बंद रखें। नालियों में साफ-सफाई रखें। आसपास गंदगी न होने दें। सिलन वाली जगह न बनने दें। डॉक्टर चितकारा ने कहा कि बिना जन सहयोग के प्रशासन अकेले इस बीमारी को नहीं रोक सकता।

### आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

पानीपत। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में और शहीदों की याद में स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा कैंडल मार्च किया। पार्षद अजय शर्मा, अमरजीत, विपुल धीमान, विनय मालिक, मीनाक्षी, किरण मलिक, भावना, मंथन शर्मा, शीला देवी, दयानंद, याशिका, दक्ष आदि ने शहीदों को नमन किया और पाकिस्तान की आतंकी नीतियों की आलोचना की।

---

बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं

## नवचयनित आईएएस शिवानी का स्वागत

*हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित करना चाहिए: कुलदीप जांगड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा



जांगिड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीगण नव चयनित आईएएस शिवानी पांचाल को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

समालखा के भोड़वाल माजरी गांव की बेटी शिवानी पांचाल ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर अपने गांव, जिला पानीपत व हरियाणा का नाम देश भर में रोशन किया है। वहीं, जांगिड़ ब्राह्मण समाज के लोगों ने शिवानी के घर पहुंच कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जांगिड समाज के कुलदीप जांगड़ा जीएम हरियाणा रोडवेज मुरथल, राजेन्द्र शर्मा संरक्षक अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली, पानीपत के जिला अध्यक्ष सतबीर धामू, कुलदीप शर्मा संरक्षक अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली, पूर्व जिला अध्यक्ष पानीपत रमेश जांगड़ा, विकास धामू पानीपत, नरेश पांचाल इंस्पेक्टर सीआईडी, मास्टर सत्यनारायण समालखा, ईश्वर जांगड़ा, जय भगवान जांगड़ा, बिल्लू जांगड़ा गांव पट्टी कल्याणा ने गांव भोडवाल माजरी पहुंचकर शिवानी पांचाल को अपना आशीर्वाद दिया। उपरोक्त सभी ने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित करना चाहिए।

---

## समाज में किसी तरह का आपसी टकराव न हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए दर्दनाक हादसे के दृष्टिगत प्रदेश के उपायुक्त पानीपत को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने इस हादसे के बाद अपने -अपने क्षेत्र में सावधानी बरते के निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ वित्त आयुक्त एवं गृह सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भी मौजूद रही। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि समाज में किसी भी तरह का आपसी टकराव ना हो इसको लेकर सभी निगरानी बरतें। उन्होंने सभी उपायुक्तों को कमेटी का गठन कर और निगरानी बरतने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

**जन समस्याओं की समीक्षा की**। पानीपत। पानीपत नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय और नगराधीश टीनू पोसवाल ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में पिछले वर्ष की जन समस्याओं के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

---

### गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाएं: राजेश नागर

**समालखा**। हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री राजेश नागर ने समालखा और बापौली अनाज मंडी में गेहूं खरीद को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारी व खरीद एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए अनाज के उठान पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाते हुए समय अनुसार पूरा करें।

उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई फसलों का सुरक्षित भंडारण किया जा सके, जिससे गाड़ियों को गोदामों में तुरंत खाली किया जा सके।

